# हादसों को दावत दे रही बिना रैलिंग की पुलिया

## भोपाल-विदिशा रोड पर कई हादसे हो गए, फिर भी नहीं जागे जिम्मेदार

**अदनान खान**

**सलामतपुर, 16 फरवरी. रायसेन जिले के सलामतपुर में भोपाल-विदिशा स्टेट हाईवे 18 पर स्थित नहर की पुलिया हादसों को आमंत्रण दे रही है. इस पुलिया पर रैलिंग नहीं लगाई गई है, जिससे गुजरने वाले वाहन और लोग हर दिन जोखिम में रहते हैं. प्रतिदिन हजारों वाहन इस मार्ग से होकर गुजरते हैं और कभी भी बड़ा हादसा घट सकता है.**

पूर्व में इस पुलिया पर कई वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं, जिनमें लोगों की जान भी जा चुकी है. इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी अब तक इस ओर ध्यान नहीं दे पाए हैं. स्थानीय लोग बार-बार चेतावनी दे चुके हैं कि अगर जल्द सुधार नहीं किया गया तो कोई बड़ा हादसा होना तय है. विशेषज्ञों का कहना है कि पुलिया पर सुरक्षा रैलिंग और चेतावनी संकेत स्थापित करना अनिवार्य है,



ताकि भविष्य में किसी अनहोनी से बचा जा सके.

**इसी पुलिया में गिरकर मां-बेटी की हुई थी मौत:** 27 फरवरी को संघमित्रा होटल के पास नहर वाले मोड़ पर एक कार अनियंत्रित होकर नहर में पलट गई थी. जिससे कार में सवार एक ही परिवार के आठ लोगों में से मां-बेटी की मौत हो गई थी और कार चला रहा पुत्र गंभीर घायल हो गया था. अन्य लोगों को भी चोटें आईं थीं. सलामतपुर पुलिस ने घायलों को कांच तोड़कर बाहर निकाला था. इस दुर्घटना में फूलबती वाल्मीकि पत्नी कल्याण बाल्मीकि निवासी बाबड़िया कला भोपाल उम्र 40 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई और इनकी बेटी जमना वाल्मीकि की अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई थी.

### प्रतिदिन गुजरते हैं 10 हजार वाहन

भोपाल-विदिशा स्टेट हाइवे 18 से दिनभर में लगभग 10 हजार छोटे-बड़े वाहन निकलते हैं. यहां से बड़े बड़े ट्राले और ट्रक क्षमता से अधिक माल लेकर सड़क से निकलते हैं. बड़े भारी वाहन भी यहां से गुजरते ह जो त्रिमूर्ति चौराहे से लेकर नहर वाली पुलिया से होते हुए जाते हैं. जो कभी भी बड़े हादसे का शिकार हो सकते हैं. क्योंकि पुलिया के दोनों और मुश्किल से एक फिट से भी छोटी रैलिंग बनाई गई हैं. जो रात के समय दिखाई भी नही देती.

### पुलिया तोड़कर नहर में गिर चुका है ट्रक

सलामतपुर और त्रिमूर्ति चौराहा के बीच में निकली सिंचाई विभाग की हलाली नहर पुलिया की दीवार तोड़ ट्रक गिर गया था. जिसमें ड्राइवर क्लीनर को मामूली चोटें आई थी. ट्रक के नहर में गिरने से नहर भी बंद करना पड़ी और हलाली डेम से रायसेन गई पानी की लाइन भी क्षतिग्रस्त हो गई थी. जिससे एक हफ्ते तक रायसेन की जल प्रदाय सेवा भी प्रभावित रही थी. मैहर से सीमेंट भरकर भोपाल जा रहा ट्रक रात लगभग 1 बजे नहर की पुलिया में गिर गया.

### इनका कहना है.

भोपाल-विदिशा स्टेट 18 हाइवे के मेन रोड सलामतपुर की बिना रैलिंग वाली नहर पुलिया की वजह से प्रतिदिन वाहन चालक नहर में गिरकर हादसों का शिकार हो रहे हैं. जबकि इसी मार्ग से केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, मंत्री प्रहलाद पटेल व वीआईपी का आवागमन होता रहता है. पूर्व में कई बार विभाग को पत्र लिखकर भी इस समस्या से अवगत करा चुके हैं. लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है.

**रघुवीर सिंह मीणा,** सरपंच ग्राम पंचायत रातातलाई.

नहर के ऊपर बनी पुलिया पिछले कई वर्षों से अधिक समय से बिना रैलिंग की स्थिति में है. जिसकी वजह से हादसे निरंतर बढ़ते जा रहे हैं. अभी पिछले सप्ताह ही एक कार नीचे नहर में गिर चुकी है. जिसमें मां बेटी की मौत भी हो गई थी. उसके बाद भी विभाग रैलिंग की हाइट 3 या 4 फीट नही कर रहा है.

**अशोक त्रिपाठी,** समाजसेवी रातातलाई सलामतपुर.

सलामतपुर मेन रोड की नहर वाली पुलिया कई सालों से आधी-अधूरी बनी हुई है. जिसकी वजह से पुलिया में रोज वाहन चालक गिरकर अपने हाथ-पैर तुड़वा रहे हैं. अगर शीघ्र ही इस पुलिया का पुनः निर्माण नही किया गया तो स्थानीय नागरिक आंदोलन करने को मजबूर हो जाएंगे.

**हमजा जाफरी,** पूर्व उपसरपंच सुनारी सलामतपुर.



# वकील की हत्या के विरोध में जिलेभर में रही हड़ताल

**बेगमगंज , 16 फरवरी. गत दिनों शिवपुरी जिले के करेरा में एक वकील की किराए के हत्यारों द्वारा गोली मारकर की गई हत्या के विरोध में सोमवार को देशव्यापी हड़ताल में रायसेन जिले के सभी 30 न्यायालयों में कार्यरत वकील काम बंद हड़ताल पर रहे. न्यायालयीन कार्यवाही से अलग रहकर विरोध प्रदर्शन के साथ अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग की गई.**

अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संतोष प्रभाकर बुंदेला ने बताया कि रायसेन जिले के सभी 30 न्यायालयों में सोमवार को अधिवक्ताओं द्वारा कलमबंद हड़ताल रखकर अपने -अपने क्षेत्र के अधिवक्ता संघ कार्यालय में शोकसभा आयोजित कर मृत अधिवक्ता संजय कुमार सक्सेना को श्रद्धांजलि अर्पित की गई.

इसके बाद सभी अधिवक्ता नारेबाजी करते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन दिया. रायसेन सहित सभी सातों तहसीलों के न्यायालय गौहरगंज , गैरतगंज , बरेली , उदयपुरा , सिलवानी इत्यादि सहित बेगमगंज अधिवक्ता संघ द्वारा एसडीएम कार्यालय पहुंचकर राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन एसडीएम सौरभ मिश्रा दिया.

> ज्ञापन में अभियुक्तों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई एवं अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू किए जाने की मांग की. पूर्व में भी डबरा के अधिवक्ता चंद्रभान सिंह सहित प्रदेश में अन्य स्थानों पर भी अन्य अधिवक्ताओं के साथ घटनाएं हो चुकी है. यदि सरकार द्वारा सीघ्र ही अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू नहीं किया गया तो सभी अधिवक्ताओं अनिश्चितकालीन हड़ताल प्रारंभ कर न्यायालयीन कार्रवाई का अनिश्चितकाल के लिए बहिष्कार किया जाएगा.

## एक नजर में



### पुष्वार धाम में सामुदायिक भवन का लोकार्पण

**महाशिवरात्रि पर पूर्व मंत्री ने फीता काटा**

**सिलवानी.** आदिवासी अंचल के पुष्वार धाम में 15 लाख रुपए की सांसद निधि से निर्मित नवीन सामुदायिक भवन का लोकार्पण पूर्व मंत्री रामपाल सिंह ने फीता काटकर किया. इस अवसर पर पूर्व मंत्री रामपाल सिंह ने कहा कि यह सामुदायिक भवन आदिवासी समाज के सामाजिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक आयोजनों के लिए अत्यंत उपयोगी साबित होगा. उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज के विकास और उत्थान के लिए आधारभूत संरचनाओं का निर्माण अत्यंत आवश्यक है. यह भवन गांव में बैठकों, सामाजिक कार्यक्रमों, प्रशिक्षण शिविरों तथा विभिन्न जनकल्याणकारी गतिविधियों के संचालन का केंद्र बनेगा. उन्होंने आगे कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए वे निरंतर प्रयासरत हैं. कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष दीपक सिंह रघुवंशी, मंडल अध्यक्ष पप्पू ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि राकेश उईके, निरपत आदिवासी, रामसेवक पटेल, भगवत आदिवासी, कैलाश तुमराम, रामगोपाल आदिवासी, कृष्णा आदिवासी, शिवराज वारीवा, रमेश सल्लाम, सरपंच रामकुमार मेहरा, छोटू पटेल, राजेश राय, द्वारका राठौड़, नवनीत रघुवंशी, पप्पू रघुवंशी, ब्रजेन्द्र पटेल, घनश्याम राठौड़, अवधेश बाबा, संतोष वरीबा, रामकृष्ण आदिवासी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे.



### महाशिवरात्रि पर मंदिर से निकली शिवबारात

**सलामतपुर, 16 फरवरी.** नगर में रविवार को महाशिवरात्रि का पर्व बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया. इस दौरान द्वारकाधीश मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई. शोभायात्रा में सलामतपुर, रातातलाई, सुनारी सहित आसपास क्षेत्रों के सैंकड़ों लोग शामिल हुए. वहीं राजीवनगर में सूर्या फैक्ट्री वाले शिवमंदिर से भी प्रतिवर्ष अनुसार भानू मालवीय के नेतृत्व में शिव बारात निकाली गई. यह शिवबारात भानू मालवीय द्वारा पिछले पांच वर्षों से निकाली. सलामतपुर के पंडित अशोक त्रिपाठी ने बताया कि महाशिवरात्रि पर्व, देवों के देव महादेव को प्रसन्न करने के लिए सबसे अच्छा माना जाता है.

# राजस्व प्रकरणों का समयावधि में निराकरण सुनिश्चित करें : कलेक्टर

## टीएल बैठक में विभागीय गतिविधियों की समीक्षा, अफसरों को निर्देश

**रायसेन, 16 फरवरी. कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक में कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा ने विभागीय गतिविधियों, अभियानों तथा सीएम हेल्पलाइन सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए.**

कलेक्टर ने राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान अनुभागवार नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन आदि के निराकरण की जानकारी लेते हुए कहा कि प्रकरणों के निराकरण की गति धीमी है. सभी एसडीएम राजस्व प्रकरणों का प्राथमिकता से समयावधि में निराकरण कराएं. उन्होंने कहा कि प्रकरणों में न्यायसंगत, विधिसंगत अंतिम कार्यवाही की जाए, कोई भी प्रकरण विश्लेषण किए बिना खारिज नही किया जाए. उन्होंने राजस्व वसूली के कार्य में भी तेजी लाने के निर्देश दिए.

कलेक्टर ने सभी एसडीएम को अपने-अपने क्षेत्रों में बोर्ड परीक्षाओं हेतु बनाए गए परीक्षा केंद्रों का नियमित निरीक्षण करने तथा व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए कहा. जिला शिक्षा अधिकारी से बोर्ड परीक्षाओं के आयोजन की जानकारी लेते हुए कहा कि परीक्षाएं निर्विघ्न और सुचारू रूप से सम्पन्न हों. साथ ही जिन अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है, वह अनिवार्य रूप से केंद्रों का निरीक्षण करें. नगरीय प्रशासन विभाग की समीक्षा के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के क्रियान्वयन की विस्तृत जानकारी लेते हुए उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत आवासों का कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश पीओ डूडा को दिए. बैठक में कलेक्टर ने महिला बाल विकास विभाग की समीक्षा के दौरान निर्माणाधीन आंगनवाड़ी केंद्र भवनों की जानकारी लेते हुए निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए.




### शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित कराएं

संकल्प से समाधान अभियान की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने शिविरों में प्राप्त सभी आवेदनों का नियमानुसार निराकरण कराते हुए पोर्टल पर जानकारी दर्ज कराने के निर्देश दिए. उन्होंने सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण की साप्ताहिक प्रगति की जानकारी लेते हुए अधिकारियों से कहा कि सीएम हेल्पलाइन शासन की प्राथमिकता में है. सभी जिला अधिकारी सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का समयावधि में अंतिम निराकरण सुनिश्चित कराएं. साथ ही 50 दिवस से अधिक समयावधि वाली शिकायतों को गंभीरतापूर्वक विश्लेषण कर निराकरण कराएं. कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अपर कलेक्टर मनोज उपाध्याय, डिप्टी कलेक्टर्स तथा अनेक विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे.



# भरतीपुर मादा में धड़ल्ले से चल रहे अवैध ईंट-भट्टे

**बाल मजदूरी और अवैध उत्खनन पर प्रशासन मौन**

**सलामतपुर, 16 फरवरी. सांची विकासखंड अंतर्गत आने वाले भरतीपुर मादा क्षेत्र में अवैध ईंट-भट्टों की भरमार ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं. इन अवैध भट्टों पर स्कूल जाने की उम्र के छोटे-छोटे बच्चे ईंट ढोते और मजदूरी करते साफ दिखाई देते हैं.**

एक तरफ सरकार बाल अधिकार, शिक्षा का अधिकार और बेटा-बेटी पढ़ाओ जैसे अभियान चला रही है, वहीं दूसरी ओर भरतीपुर मादा में बाल मजदूरी खुलेआम हो रही है. सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि इन अवैध भट्टों की पूरी जानकारी स्थानीय पटवारी और तहसीलदार को होने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही. सूत्रों के अनुसार, इन ईंट-भट्टों द्वारा अवैध रूप से मिट्टी का उत्खनन भी किया जा रहा है. कई भट्टे नदी-नालों के किनारे नियमों को ताक पर रखकर संचालित हो रहे हैं, जिससे पर्यावरण को भी भारी नुकसान पहुंच रहा है. शासन के नियम, अनुमति और पर्यावरणीय मानकों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं.

स्थानीय लोगों का कहना है कि अवैध ईंट भट्टा संचालक राजनीतिक पहुंच का हवाला देकर कार्रवाई से बचे रहते हैं. यही कारण है कि बार-बार शिकायतों के बावजूद प्रशासन कार्रवाई नहीं करता. नागरिकों ने प्रशासन से तत्काल जांच और सख्त कार्रवाई की मांग की.

# जब धर्म की हानि होती है तब भगवान लेते हैं अवतार

**भागवत कथा में पंडित देवेंद्र भार्गव ने कहा**

**सलामतपुर, 16 फरवरी. कस्बे के गल्ला मंडी प्रांगण में चल रही भागवत कथा के चौथे दिन भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने बधाई गीतों पर जमकर नृत्य किया. जैसे ही कथा वाचक ने भगवान के जन्म की कथा सुनाई तो पूरे पांडाल में बधाई हो बधाई हो के जयघोष गूंजने लगे.**

नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की, हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की,



भजन पर श्रद्धालु जमकर थिरके. कथा वाचक पंडित देवेंद्र भार्गव ने बताया कि जब जब धर्म की हानि होती है तब तब भगवान अवतार लेते हैं. भगवान ने पापियों का नाश कर गो, संत, ब्राह्मण, और अपनी प्रजा की रक्षा की.

इस दौरान बड़ी संख्या में आस पास गांव जिनमें रातातलाई, सुनारी सलामतपुर, बेरखेड़ी चौराहा, त्रिमूर्ति चौराहा, कचनारिया, कुल्हड़िया, खोहा, रतनपुर, तिजालपुर, सांची, आमखेड़ा, ढकना चपना, बिलोरी सहित अन्य कस्बों के सैंकड़ों भक्त श्रद्धालु मौजूद रहे. खास बात यह है कि गल्ला मंडी प्रांगण में कई सालों से कथा का आयोजन किया जा रहा है. मुख्य यजमान ममता शर्मा, जेपी शर्मा ने बताया कि सात दिवसीय कथा प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक निरंतर जारी रहेगी. कथा का समापन 19 फरवरी गुरुवार को प्रसाद वितरण के साथ होगा.

# डीपी में ब्लास्ट से गेहूं की फसल में लगी आग

**बेगमगंज, 16 फरवरी.** निकटवर्ती ग्राम मदनी में बिजली विभाग द्वारा रविवार को रखी गई डीपी में सोमवार को करीब 1 बजे अचानक विस्फोट हो गया. जिससे आग फैलकर पास ही गेहूं की फसल में लग गई. यह तो गनीमत रही कि किसानों के घर आजू-बाजू थे, तो उन्होंने तत्काल अपनी सिंचाई मोटरों को चालू करके फसल एवं घर को जलने से बचा लिया. किसानों ने बताया कि बिजली विभाग द्वारा रविवार को नई डीपी रखी गई थी. सभी की सूझबूझ से आग पर काबू पा लिया गया .बिजली विभाग के जेई नीरज गुप्ता ने बताया कि संभवत लोड बढ़ने से ब्लास्ट हुआ हो. डीपी को उतरवाकर जांच करवा ली जाएगी और दूसरी डीपी वहां पर रख दी जाएगी.

# साहित्य और राष्ट्रचेतना का संगम 18 को

**भोपाल.** अभा साहित्य परिषद भोपाल इकाई के तत्वावधान में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 18 फरवरी को विशेष व्याख्यान और काव्यपाठ कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है. कार्यक्रम दोपहर साढ़े 3 बजे विश्व संवाद केंद्र, शिवाजी नगर में होगा. आयोजन का उद्देश्य संघ के शताब्दी वर्ष के परिप्रेक्ष्य में साहित्य और राष्ट्रचेतना के संबंधों पर विमर्श करना तथा रचनात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम से विचारों का आदान प्रदान करना है. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भोपाल विभाग कार्यवाह राधेश्याम मालवीय उपस्थित रहेंगे.

**ग्रामीणों में दहशत** | बाघ पहले भी 2 मवेशियों को बना चुका है शिकार

# बालमपुर घाटी पर दिखा बाघ, राहगीरों ने बनाया वीडियो

**सलामतपुर, 16 फरवरी. भोपाल-विदिशा स्टेट हाईवे-18 की बालमपुर घाटी पर बाघ दिखाई देने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में एक बाघ गाय के बछड़े को मुंह में दबाकर घसीटते हुए ले जाता नजर आ रहा है. वीडियो कथित रूप से स्थानीय राहगीर द्वारा बनाया गया है, जिसके सामने आने के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है.**

यह इलाका भोपाल और विदिशा को जोड़ने वाला व्यस्त मार्ग है, जहां से प्रतिदिन बड़ी संख्या में वाहन गुजरते हैं. स्थानीय लोगों के अनुसार, इससे पहले भी बालमपुर घाटी क्षेत्र में



बाघ की मौजूदगी की पुष्टि हो चुकी है. वन विभाग द्वारा पूर्व में भी सतर्कता बरतने की अपील की गई थी.

बालमपुर घाटी सहित आसपास क्षेत्र सहित सांची विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत अंबाड़ी के गांव सत्ती में जंगल क्षेत्र में बाघ से दहशत है. गांव से लगभग एक किलोमीटर दूर जंगल में बाघ दो बैलों का शिकार कर चुका है. दोनों बैलों को कुछ दिन पहले सुबह करीब 5 बजे जंगल की ओर चरने के लिए छोड़ा गया था. सुबह लगभग 7 बजे ग्रामीणों ने जंगल में दोनों बैलों को मृत अवस्था में देखा. बैलों के शरीर पर बाघ के पंजों और जबड़े के स्पष्ट निशान पाए गए, ग्रामीणों ने बताया कि इससे पहले भी क्षेत्र में बाघ को देखा जा चुका है और कई मवेशी उसका शिकार बन चुके हैं.

### तेंदुआ 30 मवेशियों पर कर चुका हैं हमला

पश्चिम वन क्षेत्र के ग्राम कायमपुर, नरखेड़ा, कुल्हाड़िया और सत्ती गांव सहित आसपास क्षेत्र में तेंदुए के बढ़ते आतंक से भी ग्रामीण भयभीत हैं. पिछले एक साल में तेंदुआ अब तक 30 मवेशियों पर हमला कर चुका है. कुछ दिन पूर्व भी एक ग्रामीण के घर के पीछे बंधे गाय के बछड़े पर तेंदुए ने हमला किया था. यह घटना रात करीब 2 बजे की थी. तेंदुए के हमले से बछड़ा गंभीर रूप से घायल हो गया था और जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष करते हुए उसकी मौत हो गई थी. बताया कि एक साल पहले भी उनके एक अन्य बछड़े को तेंदुआ अपना शिकार बना चुका है. यह दूसरी बार था जब उनके मवेशी पर तेंदुआ ने हमला किया. गांव के लोग तेंदुए के डर से रातों में बाहर निकलने से डरते हैं. ग्रामीणों ने वन विभाग और प्रशासन से जल्द कार्रवाई की मांग की है

# सिलवानी ने 7 रन से जीता विधायक कप

## सचिन लेफ्टी को मैन ऑफ द मैच

**साईखेड़ा 16 फरवरी. ग्राम प्रतापगढ़ स्थित राजा प्रताप सिंह जूदेव खेल मैदान में रविवार को विधायक कप क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन हुआ। फाइनल मुकाबले में सिलवानी टीम ने खमरिया को 7 रन से हराकर खिताब अपने नाम किया.**

फाइनल में टीम खमरिया ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग चुनी। निर्धारित 7 ओवर के मुकाबले में सिलवानी ने 4 विकेट खोकर 96 रन बनाए और 97 रन का लक्ष्य दिया। जवाब में खमरिया की टीम 8 विकेट के नुकसान पर 89 रन ही बना सकी। इस तरह सिलवानी ने 7 रन से रोमांचक जीत दर्ज की.

फाइनल में 47 रन की शानदार पारी खेलने वाले सचिन लेफ्टी को मैन ऑफ द मैच घोषित किया



गया। उन्होंने सेमीफाइनल और फाइनल मिलाकर कुल 120 रन बनाए. उन्हें मैन ऑफ द सीरीज का खिताब भी प्रदान किया गया। समापन समारोह में सिलवानी विधायक एवं कांग्रेस जिला अध्यक्ष देवेंद्र पटेल के सहयोग से विजेता टीम को 51 हजार रुपए नगद व ट्रॉफी प्रदान की गई। वहीं ग्राम पंचायत प्रतापगढ़ के सरपंच प्रतिनिधि राजेश राय द्वारा उपविजेता खमरिया टीम को 25 हजार रुपए नगद एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया. मुख्य अतिथि कुंवर धर्मवीर सिंह राजा साहब थे.